विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र./परीक्षा/2024/1109 दिनांक : 6.2.2024

–:: अधिसूचना ::–

सत्र 2023–2024 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति से वार्षिक पद्धति की स्नातक स्तर के प्रथम, द्वितीय वर्ष के बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी. नियमित/स्वाध्यायी/पूर्व/पूरक प्राप्त तथा बी.एच.एससी./बी.बी.ए./बी.सी.ए. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के नियमित/पूर्व/पूरक प्राप्त परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यार्थियों से परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय में एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से जमा करवाये जाने हेतु निम्नानुसार तिथियाँ घोषित की जाती है :–

(1) **बिना विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

'दिनांक 08 फरवरी, 2024 से 20 फरवरी, 2024 तक''

(2) **विलम्ब शुल्क रूपये 100/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

'दिनांक 21 फरवरी, 2024 से 23 फरवरी, 2024 तक''

(3) **विलम्ब शुल्क रू. 750/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

'दिनांक 24 फरवरी, 2024 से 27 फरवरी, 2024 तक''

(4) **विशेष विलम्ब शुल्क रू. 2000/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

''दिनांक 28 फरवरी, 2024 से प्रत्येक पाठ्यक्रम की परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक

नोट :– समस्त विद्यार्थियों द्वारा जो व्यवसायिक(वोकेशनल विषय) पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष में जो लिया है वही द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में अध्ययन करना होगा। संबंधित महाविद्यालय ऑनलाइन परीक्षा आवेदन सावधानी पूर्वक अप्रूव करें, गलत परीक्षा आवेदन अप्रुव करने पर समस्त जवाबदेही महाविद्यालय की होगी। विद्यार्थी द्वारा एक बार परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरने के उपरान्त परिवर्तित/संशोधित नहीं किया जायेगा।

परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने संबंधी दिशा–निर्देश –

1 स्वाध्यायी (NEP) विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरने से पहले एमपी ऑनलाइन पर जाकर नामांकन फार्म भरना होगा उसके उपरान्त संबंधित महाविद्यालय में जाकर परीक्षा फार्म को अप्रूवल करवाना होगा।

2 स्वाध्यायी (NEP)विद्यार्थी उसी महाविद्यालय में नामंकरण फार्म भरे जहाँ वांछित विषय/पाठ्यक्रम का नियमित अध्यापन करर्य होता हो एवं उक्त विषय के शिक्षक उपलब्ध हो।

3 स्वाध्यायी (NEP) विद्यार्थी उन विषयों का ही चयन करें जिसका उस महाविद्यालय में अध्ययन कराया जा रहा हैं।

4 प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षा आवेदन पत्र मय नॉमिनल रोल लिस्ट के 02 प्रतियों में अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई छात्र परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।

05 प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय परीक्षार्थी से आर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करवाएँ एवं अग्रेषण शुल्क (Forwarding fee) रू. 70/– प्रति परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय संग्रहित करेगा। इस राशि में से वि.वि. का अंश रू. 20/– प्रति परीक्षार्थी की दर से कुल राशि का भुगतान अविलम्ब वि.वि. को करेंगे।

06 नवीन शिक्षा नीति के तहत प्रथम एवं द्वितीय तृतीय वर्ष के विज्ञान संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 250/– तथा अन्य संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 200/– संबंधित महाविद्यालय में जमा करेंगे।

निरन्तर.....2

Scanned with OKEN Scanner

07 परीक्षार्थी एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से परीक्षा शुल्क अधिकृत क्योस्क सेन्टरों में जमा करेंगे।संबंधित प्राचार्य परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन पत्र भेजते समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।

08 आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात **दो (02) दिवस** के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय में जमा करायें। समय सीमा में जमा न कराने के पश्चात प्रति छात्र 20/– (बीस रुपये) विलम्ब शुल्क महाविद्यालय को जमा कराना होगा।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक/परीक्षा/2024/ 1110 **दिनांक : 06.02.2024**

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

01. निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्राचार्य संबंधित संस्थान/ उज्जैन की ओर भेजकर निवेदनहैं कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति संस्थान/अध्ययनशाला/महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
02. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
03. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
07. प्रभारी, मुद्रणालय/पूछताछ कार्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
08. सहायक कुलसचिव, लेखा/गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
09. संपादक/प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र .... की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

Scanned with OKEN Scanner